सतपुड़ा क्षेत्र में ट्राइएसिक युग के...

# जीवाश्मों पर शोध के लिए हुआ भारत-जर्मनी के बीच एमओयू

भोपाल (काप्र)।

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्टटगार्ट स्थित स्टेट म्यूजियम ऑफ नेचुरल हिस्ट्री का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के म्यूजियम पहुंचने पर प्रो. डॉ. लार्स क्रागमेन और उनकी टीम ने आत्मीय स्वागत किया। मध्यप्रदेश सरकार और जर्मनी के शोधकर्ताओं के बीच एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं।**

एमओयू से सतपुड़ा क्षेत्र में पाए गए ट्राइएसिक युग के जीवाश्मों पर संयुक्त शोध किया जा सकेगा। इससे भारतीय और जर्मन शोधकर्ता प्राचीन डाइनोसॉर और उनके समकालीन प्रजातियों के पारिस्थितिकी तंत्र को समझने में मदद करेंगे। यह शोध विशेष रूप से उन पारिस्थितिकीय स्थितियों को समझने के लिए महत्वपूर्ण होगा, जिनमें ये प्रजातियाँ पाई जाती थीं। एमओयू हो जाने से अब सतपुड़ा क्षेत्र में नई खुदाई की जाएगी, जिससे ट्राइएसिक कॉन्टिनेंटल पर्यावरण और जलवायु के बारे में व्यापक जानकारी प्राप्त हो सकेगी। इस सहयोग का उद्देश्य जीवाश्मों की खुदाई, संरक्षण और प्रदर्शनी की प्रक्रिया को सुगम बनाना है। इसे मध्यप्रदेश के राज्य संग्रहालय के माध्यम से प्रदर्शित और प्रकाशित किया जाएगा। साथ ही वैश्विक शोधकर्ताओं के लिए इन जीवाश्मों पर अनुसंधान भी किया जाएगा।



### मप्र की पहुँच देश ही नहीं द. एशिया के बाजारों तक

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश स्किल्ड मैनेजमेंट और प्राकृतिक संसाधनों से सम्पन्न है। लैप समूह की मध्यप्रदेश में एक दशक से ज्यादा की उपस्थिति इस बात को दर्शाती है कि मध्यप्रदेश की पहुँच देश ही नहीं दक्षिण एशिया के बाजारों तक है। समूह ने बैंगलुरू के बाद मध्यप्रदेश को अपना बेस बना कर 100 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जर्मन निवेशकों को आश्वस्त किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के साथ ही मध्यप्रदेश में भी निवेश की संभावनाओं का विस्तार हुआ है और उनके विजनरी नेतृत्व में हमारी ताकत दोगुना हो जाती है।*

## निजी निवेश, तकनीकी सहभागिता और साझेदारी से जर्मनी के साथ होंगे रिश्ते प्रगाढ़

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भौगोलिक स्थिति के कारण मध्यप्रदेश देश के मध्य में स्थित होने से उत्तर- दक्षिण, पूर्व- पश्चिम चारों दिशाओं में आने-जाने का केंद्र बिंदु है। यहाँ से दक्षिण एशिया सहित महाद्वीप के कई स्थानों तक आवागमन सुगम और सरल है। जर्मनी के लैप ग्रुप का मध्यप्रदेश को अपने व्यवसाय का केंद्र बनाना इस बात का प्रमाण है। उल्लेखनीय है कि लैप ग्रुप ने जर्मनी से बाहर अपने व्यवसाय के विस्तार के लिए बेंगलुरु के बाद मध्यप्रदेश का चयन किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव जर्मनी भ्रमण के दूसरे दिन स्टटगार्ट स्थित लैप ग्रुप की फैक्ट्री के भ्रमण के बाद मध्यप्रदेश में निवेश की संभावनाओं पर राउंड टेबल मीटिंग को संबोधित कर रहे थे। डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में राज्य सरकार औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार और निवेश संवर्धन को प्रोत्साहित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। क्षेत्रीय स्तर पर जारी रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव से प्रदेश में उद्योग स्थापना का बेहतर माहौल बना है। इससे राष्ट्रीय ही नहीं, वैश्विक स्तर से भी बड़े निवेशक बेहतर भविष्य के लिए आश्वस्त होते हुए मध्यप्रदेश में अपनी गतिविधियों का विस्तार कर रहे हैं। प्रदेश की भौगोलिक स्थिति के परिणामस्वरूप उद्योग व्यवसाय को लाभ मिलना सुनिश्चित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जर्मनी के साथ प्रदेश में उद्योग- व्यवसाय को विस्तार देने के लिए कई विकल्प हैं। इनमें निजी निवेश, तकनीकी सहभागिता और साझेदारी से जर्मनी और भारत के औद्योगिक और व्यावसायिक रिश्तों को प्रगाढ़ किया जा सकता है।

# फिट इंडिया : आर्मी मैराथन 19 जनवरी को



**भोपाल। भारतीय सेना ने गर्व के साथ आर्मी मैराथन भोपाल 2025 की घोषणा की है, जो फिट इंडिया - इंडियन आर्मी के साथ दौड़ें के बैनर तले फिटनेस और देशभक्ति को बढ़ावा देने वाला एक भव्य आयोजन है।**

यह मैराथन 19 जनवरी 2025 को आयोजित की जाएगी। इसके कर्टन रेज़र सेरेमनी का आयोजन आज रवींद्र भवन ऑडिटोरियम, में किया गया। यह समारोह विश्वास सारंग, खेल और युवा कल्याण मंत्री, और लेफ्टिनेंट जनरल प्रीत पाल सिंह, एवीएसएम, जनरल ऑफिसर कमांडिंग 21 कॉपर्स की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस मौके पर कई सम्माननीय अतिथियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कर्टन रेज़र सेरेमनी में शिव शेखर शुक्ला, प्रमुख सचिव पर्यटन, चंदर शेखर शर्मा, सीजीएम, एसबीआई भोपाल, रमनीश गीर, आईपीएस, संयुक्त निदेशक, सीबीआई तथा दीपक बसु, कार्यकारी निदेशक और राज्य प्रमुख, आईओसीएल, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ शामिल हुए। आर्मी मैराथन में सभी आयु वर्ग और फिटनेस स्तर के प्रतिभागियों के लिए विभिन्न श्रेणियां शामिल की गई हैं। इसमें 21 किलोमीटर (हाफ मैराथन), 10 किलोमीटर प्रतिस्पर्धात्मक दौड़ और 5 किलोमीटर दौड़ शामिल है। प्रतिभागियों को पदक और प्रमाण पत्र दिए जाएंगे।

## किरन अवस्थी नेत्र सेवासदन को मिले

**भोपाल ( हिनप्र )।** अरेरा कॉलोनी, भोपाल निवासी 80 वर्षीय किरन अवस्थी का निधन 28 नवम्बर को हो गया। दिवंगत प्राणी की पुत्री शिवानी अवस्थी ने अपनी माता की आंखें सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय को दान में दे दी हैं । दिवंगत प्राणी के नेत्र, अब दो जरूरतमंद दृष्टिबाधित व्यक्तियों को प्रत्यारोपित किए जाएंगे। सेवा सदन अस्पताल प्रबंधन ट्रस्टी ए.सी. साधवानी ने दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है।

## बजरंगियों का सम्मान

भारतीय सिंधु सभा ने सिंधु सभा कार्यालय में ईदगाह हिल्स भोपाल से आईं साध्वी मंजरी दीदी का भजन-कीतर्न हुआ। सिंधु सभा द्वारा बजरंग सेना समिति के अध्यक्ष कमलेश देवानी, अर्चक पुरोहित, राज कुमार गर्ग, उपाध्यक्ष राज बिजोरिया, महासचिव गुरदास रामचंदानी का सम्मान सभा के आवास संघ पूर्व अध्यक्ष सुशील वासवानी, महिला विंग की किरण वाधवानी, शोभा शेवकरामानी, गुरबानी, मधु लालवानी, पुष्पा मोतियानी, बसंत चेलानी, खिम्या पंजवानी, आरती परमाल, शशि आदि का सम्मान किया गया।

## युवा सिंधी मंच के उपाध्यक्ष बने गुरदास रामचंदानी

युवा सिंधी मंच संतनगर द्वारा समाजसेवी गुरदास रामचंदानी को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। नियुक्त होने पर रामचंदानी का स्वागत कर सम्मान पत्र दिया गया। स्वागत करने वालों में युवा सिंधी मंच के अध्यक्ष जयराम नंदवानी, महेश खटवानी, जीतेश नंदवानी, बजरंग सेना समिति के अध्यक्ष कमलेश देवानी, मनोज शर्मा, एडवोकेट बृजकिशोर सेन आदि शामिल थे।

# धार्मिक यात्रा की सिंधी पंचायत अध्यक्ष माधु ने

**भोपाल ( हिनप्र )।** पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष माधू चांदवानी की धार्मिक यात्रा वापसी पर पूज्य सिंधी पंचायत कार्यालय में स्वागत किया गया। चांदवानी सात दिवसीय गया (बिहार), काशी बनारस व अयोध्या धार्मिक यात्रा पर गये थे। स्वागत करने वालों में पंचायत महासचिव नंद दादलानी, उपाध्यक्ष भरत आसवानी, जगदीश आसवानी, कोषाध्यक्ष गुलाब जेठानी, सह कोषाध्यक्ष माधव पारदासानी, आडिटर हरीश मेहरचंदानी, रवि टेकवानी, प्रकाश आसूदानी, मोहन गोस्वामी, गुरप्रीत सिंह सलूजा, राजू टिलवानी, बूलचंद वासवानी, मुरली गुरबानी व अन्य शामिल थे।



# प्राण-प्रतिष्ठा का मुहूर्त निकालेंगे अनिल रूद्र

**भोपाल ( हिनप्र )।** संतनगर से बांके बिहारी वृंदावन धाम पहुंचकर निर्विघ्न श्रीराम भक्त हनुमान जी महाराज की होने वाली प्राण प्रतिष्ठा के लिए प्रार्थना की गई। संत-महात्माओं से प्राण-प्रतिष्ठा में सम्मिलित होने के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम के आचार्य अष्टादस पुराण प्रवक्ता यज्ञ आचार्य अनिल रूद्रजी का 30 नवंबर को नुक्कड़ वाली माता मंदिर पर आगमन होगा, जिसमें प्राण प्रतिष्ठा की तारीख मुहूर्त निकाला जाएगा। पंडित रवि पटेरिया ने नारद भक्ति आश्रम वृंदावन धाम के महंत श्री विमल चेतन ब्रह्मचारीजी से कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए प्रार्थना की। साथ ही बानप्रस्थ राधा माधव सेवा संस्थान के प्रमुख एवं अंतर्राष्टीय कथा वाचक आचार्य चतुर नारायण शास्त्रीजी से भी प्राण प्रतिष्ठा आने के लिए निवेदन किया।



## पेज एक से जारी खबरों के शेष...

### यूके, जर्मनी यात्रा हमारे...

प्रतिक्रिया मिली है। डॉ यादव ने बताया कि जर्मनी में हो रही तकनीकी प्रगति और उद्योगों में हो रहे नवाचारों को मध्यप्रदेश में लागू करने के लिए राज्य सरकार सक्रिय रूप से कदम उठा रही है। उन्होंने आशा जताई कि राज्य के लिए यह यात्रा कई नए उद्योगों, तकनीकी सहयोग और रोजगार के अवसरों के द्वार खोलेगी। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य प्रदेश के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराते हुए मध्यप्रदेश को देश और दुनिया के सामने सशक्त औद्योगिक ताकत के रूप में स्थापित करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रतिपल-प्रति मिनिट हमारा लक्ष्य प्रदेश के युवाओं को बेहतर रोजगार उपलब्ध कराना है। हमारे बौद्धिक संपन्न युवा ही नहीं बल्कि प्रदेश के हर वर्ग के युवा को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जर्मनी और यूके आर्थिक और तकनीकी रूप से साधन संपन्न देश हैं, उन्हें आवश्यकता है तो मेन पॉवर की। हमारे पास मेन पॉवर उपलब्ध है, तकनीकी रूप से दक्ष युवा है, दोनों को जोड़ने के लिए यदि जरूरत है तो भाषा की। लैंग्वेंज प्रॉब्लम को दूर कर हम एक-दूसरे के पूरक के रूप में वर्क-फोर्स बनकर काम करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कार्यकाल स्वर्णिम है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ग्लोबल लीडर हैं और उनके विजन से देश आगे बढ़ रहा है। उनके नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार में मध्यप्रदेश विकास की ओर अग्रसर है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि जर्मनी हमारा मित्र देश है। दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों के मध्य बेहतर समन्वय का हमें भी लाभ मिला है। जर्मन बढ़ते भारत और आगे बढ़ते मध्यप्रदेश के साथ भविष्य में व्यापार एवं उद्योग के लिए आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जर्मनी, भारत का सदैव प्रशंसक रहा है। हमारी साझा विरासत गौरवशाली रही है। डॉ यादव ने कहा है कि जर्मनी के साथ हिन्दुस्तान के सौहार्द्रपूर्ण संबंधों की बात करें तो नेताजी सुभाषचंद्र बोस के समय को याद कर सकते हैं। जर्मन, मध्यप्रदेश में निवेश की अपार संभावनाओं को समझते हैं। जर्मनी से मध्यप्रदेश में निवेश के प्रस्ताव अनेक औद्योगिक सेक्टर्स के लिए प्राप्त हुए हैं। कृषि, एआइ, हेल्थ, सेमीकंडक्टर, शिक्षा, नई तकनीक और भारी उद्योग के क्षेत्र में निवेशकों ने निवेश की इच्छा जाहिर की है। साथ ही अनेक क्षेत्रों में निवेश के प्रस्ताव भी प्राप्त हुए हैं। डॉ यादव ने कहा कि हमारे वेदों को दुनिया से सबसे पहले परिचित कराने वाला कोई देश है, तो वह जर्मनी ही है। मैक्समूलर ने हमारे वेदों का संस्कृत भाषा से अनुवाद कर जर्मनी के माध्यम से दुनिया के सामने हमारे प्राचीन ज्ञान को प्रकट किया था। जर्मनी के साथ हमारे अतीत के संबंध बहुत अच्छे रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं समझता हूं कि जर्मन ही एक ऐसी भाषा है जो संस्कृत के सबसे ज्यादा नजदीक है। मुख्यमंत्री की जर्मनी और यूके यात्रा से मध्यप्रदेश को न केवल व्यापारिक और औद्योगिक दृष्टि से फायदा होने की उम्मीद है, बल्कि यह राज्य के समग्र विकास में भी अहम योगदान देने वाली साबित होगी।

### दिग्विजय सिंह ने शिक्षा...

जोखिम है। राज्यसभा सांसद श्री सिंह ने आग्रह किया है कि शिक्षा मंत्री श्री प्रधान इस मुद्दे पर तत्काल ध्यान दें और राज्यों को समय पर धनराशि जारी करने को सुनिश्चित करें।

### लिफाफे में सीलबंद...

कहा है और इसे दायर किया गया है और इसे 3 कार्य दिवसों में हाईकोर्ट के समक्ष सूचीबद्ध किया जाना चाहिए। मामले में ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर सीमित रोक है। इससे पहले संभल सांसद जिया उर रहमान बर्क ने कहा कि समाजवादी पार्टी मांग कर रही है कि जांच समिति में सुप्रीम कोर्ट के मौजूदा जज को शामिल किया जाए। सपा नेता ने कहा कि हमने सुप्रीम कोर्ट से मांग की है कि संभल की शाही जामा मस्जिद में सर्वे को लेकर जो मामला जिला अदालत में है, उसे रोका जाए और मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में की जाए। पूजा स्थल अधिनियम का सही उपयोग होना चाहिए। अब अजमेर दरगाह को लेकर भी याचिका दायर की गई है। ये सब कब रुकेगा?...कुछ चुनिंदा लोगों को माहौल बिगाड़ने का मौका क्यों दिया जा रहा है?आज़ाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रशेखर आज़ाद ने कहा कि हमें सुप्रीम कोर्ट से बहुत उम्मीदें हैं। सुप्रीम कोर्ट ने लगातार उत्तर प्रदेश की बीजेपी सरकार के गलत कामों को रोकने का काम किया है।

### नये संकल्प के...

अनुसार बदलाव लाने की जरूरत है। पार्टी ने पहले भी चुनौतियों पर विजय पाई है, इसलिए मौजूदा चुनौतियों से पार पाते हुए आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा, लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद कांग्रेस पार्टी ने नए जोश-खरोश के साथ वापसी की थी, लेकिन उसके बाद हुए तीन राज्यों के चुनावी नतीजे हमारी उम्मीदों के अनुरूप नहीं रहे। इंडिया समूह ने चार में से दो राज्यों में सरकार बनाई, लेकिन प्रदर्शन उम्मीदों के अनुकूल नहीं रहा। ये चुनाव परिणाम भविष्य के लिहाज से हमारे लिए चुनौती है। हमें चुनावी नतीजों से सबक लेते हुए संगठन के स्तर पर अपनी सभी कमजोरियों और खामियों को दुरुस्त करने की जरूरत है। ये नतीजे हमारे लिए संदेश है। कांग्रेस अध्यक्ष ने आपसी एकता पर जोर दिया और कहा सबसे अहम बात यह है कि आपसी एकता की कमी और एक दूसरे के ख़िलाफ़ बयानबाजी हमें काफी नुकसान पहुंचाती है। जब तक हम एक हो कर चुनाव नहीं लड़ेंगे, आपस में एक दूसरे के ख़िलाफ़ बयानबाजी का सिलसिला बंद नहीं करेंगे, तो अपने विरोधियों को राजनीतिक शिकस्त कैसे दे सकेंगे। हमारी तैयारी आरंभ से मतगणना तक ऐसी होनी चाहिए कि हमारे कार्यकर्ता और सिस्टम मुस्तैदी से काम करें। इसमें महत्वपूर्ण यह है कि राजनीतिक प्रतिद्वंदी क्या कर रहा है, इसे रोज़मर्रा में देखना होगा और उसी हिसाब से निर्णय लेने होंगे।

# वार्ड चार की हर सड़क का निर्माण होगा : हिंगोरानी



**भोपाल ( हिनप्र )।** वार्ड चार में वर्षा स्वीट के पास पास वाले रोड का भूमिपूजन 107 वर्षीय बुजुर्ग महिला रुकमणि विधानी ने किया। पार्षद राजेश हिंगोरानी ने कहा कि मेरा प्रयास है कि वार्ड की हर गली हर सड़क का निर्माण कार्य मेरे इस कार्यकाल में हो इस सड़क के कार्य में विलंब थोड़ा सीवेज लाइन के कारण हुआ है जिसके कारण नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वार्ड की बची हुई सड़कों का जल्द निर्माण होगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में गेहानी ने कहा कि आम नागरिक को भाजपा के साथ है। इसकी वजह सनातन धर्म के लिए बचाव के लिए भाजपा का खड़ा होना है। इस मौके पर शिक्षाविद गेहानी व बसंत चेलानी, मंडल अध्यक्ष कमल विधानी, समाजसेवी कर्नल नारायण पारवानी, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष रमेश जनियानी, महेश खटवानी व अन्य विशिष्ट जन मौजूद रहे। बता दे सड़क का निर्माण सीवेज लाइन डालने के कारण रूका हुआ था।

## सिंहस्थ व्यवस्था से जु सभी निर्माण कार्यों को जल्द शुरू करें:जैन

**भोपाल ( काप्र )।** मुख्य सचिव अनुराग जैन ने सिंहस्थ व्यवस्था संबंधी बैठक की अध्यक्षता करते हुए शुक्रवार को मंत्रालय में अब तक सिंहस्थ के लिये स्वीकृत कार्यों की निविदाएं नियत समय में जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिन विभागों ने निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिये है, उनकी गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए उन्हें नियत समय में पूरा किया जायें।

मुख्य सचिव श्री जैन ने कहा कि उज्जैन में आगामी सिंहस्थ के मद्देनजर अभी से श्रद्धालुओं की संख्या में बोत्तरी हो गई है। अत- वर्तमान स्थिति और सिंहस्थ समय में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या का अनुमान लगाकर उनकी व्यवस्था और सुरक्षा के संबंध में प्लान तैयार किया जायें।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड,भोपाल

लिंक रोड नं.-2 माता मंदिर चौराहा के समीप, हर्षवर्धन नगर के सामने, भोपाल
Tel:- (0755)2924467 :-e-mail:- eephbpl@mp.nic.in

क्र..../तक./का.य./लो.सवा.य. खंड/भोपाल/-2024-25 दिनांक -20/11/2024

### निविदा आमंत्रण सूचना

मध्य प्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदारों से मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रण सूचना जारी होने के दिनांक तक समस्त संशोधनों सहित ई टेंडरिंग पद्धति द्वारा आनलाईन निविदाओं में निहित शर्तों के अनुरूप आमंत्रित की जाती है। जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं कार्यों का विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर देखी जा सकती है। वेबसाइट पर होने वाली तकनीकी समस्याओं हेतु विभाग जिम्मेदार नहीं होगा।

| सिस्टम जनरेट आई डी क्र. | खण्ड | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र की राशि रू. | ठेके की अनु. राशि रू. | अमानत राशि रू. | निविदा आनलाईन क्रय करने की अंतिम तिथि | 1. कार्य पूर्ण करने की अवधि 2. ठेकेदार की श्रेणी 3. आमंत्रण क्रमांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 2024_PHED 383228_1 | भोपाल | Major and Minor Repairing and maintenance of India Mark-II handpump by providing skilled labour and vehiele with T and P in Block-Phanda. Distt Bhopal for period 12 months. | 2000.00 | 1517000/- | 30340.00 | 02.12.2024 | (1)12 माह (वर्षाकाल सहित) (2) लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत पद्धति से पंजीयन अनिवार्य है। (3) द्वितीय आमंत्रण |

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जाएगा। पृथम से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जाएगा।

जी-19664/24

कार्यपालन यंत्री लो.स्वा.यां. खण्ड,भोपाल



कार्यालय सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, प्रक्षेत्र-1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक भोपाल

### आम सूचना

हाऊसिंग बोर्ड, विश्वकर्मा नगर, करोंद, बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित दुकान क्रमांक-18 मण्डल द्वारा श्री नामदेव मेघानी आत्मज स्व. श्री एम. एम. मेघानी के नाम से आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 30/9/2009 को पंजीकृत है। श्री नामदेव मेघानी आत्मज स्व. श्री एम. एम. मेघानी से श्री पुरषोत्तम विश्वकर्मा आत्मज श्री रामचरण विश्वकर्मा को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय किया गया, जिसका पंजीयन उप पंजीयक कार्यालय में दिनांक 20/11/2024 को पंजीकृत किया गया है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्री पुरषोत्तम विश्वकर्मा आत्मज श्री रामचरण विश्वकर्मा के नाम से हस्तांतरित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति का हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति, उत्तराधिकारी संस्था, वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

2725 सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह नि. एवं अघो. वि. म. प्रक्षेत्र-1 भोपाल



कार्यालय सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, प्रक्षेत्र-2, अयोध्या नगर, भोपाल

### आम सूचना

पटेल नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी मण्डीदीप जिला रायसेन में भूखण्ड/भवन क्रमांक ई.डब्ल्यू.एस. 114 मण्डल द्वारा श्री शम्भूदयाल चौकसे आत्मज श्री खुशीलाल चौकसे के नाम हस्तान्तरण आदेश क्र. 4463 दिनांक 13/05/1993 को हस्तान्तरित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 13/05/1993 को उप पंजीयक कार्यालय औबेदुल्लागंज जिला रायसेन से पंजीकृत है। आवंटी द्वारा लीज नवीनीकरण दिनांक 05/12/2015 को उप पंजीयक कार्यालय में पंजीकृत करवा ली गई है। क्रेता / विक्रेता द्वारा आवेदन, परिचय पत्र, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति श्री अवधनारायण विश्वकर्मा आत्मज श्री हरीनारायण विश्वकर्मा एवं श्रीमती सुमन विश्वकर्मा पत्नी श्री अवधनारायण विश्वकर्मा के संयुक्त नाम हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है एवं उप पंजीयक कार्यालय औबेदुल्लागंज जिला रायसेन द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 08/11/2024 को क्रेता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त संपत्ति श्री अवधनारायण विश्वकर्मा आत्मज श्री हरीनारायण विश्वकर्मा एवं श्रीमती सुमन विश्वकर्मा पत्नी श्री अवधनारायण विश्वकर्मा के संयुक्त नाम हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है। उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

2726 सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह नि. एवं अघो. वि. म. प्रक्षेत्र-2 भोपाल



कार्यालय सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, प्रक्षेत्र-2, अयोध्या नगर, भोपाल

### आम सूचना

सोनागिरी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में भवन क्रमांक एम.आई.जी. 61 ए सेक्टर मण्डल द्वारा श्री के. बी. नायर आत्मज श्री सी. के. नायर के नाम आवंटत आदेश क्र .13325-31 दिनांक 20/11/1981 को आवंटित किया गया है। श्री के.व्ही. नायर आत्मज श्री सी. के. नायर की दिनांक 08/01/1991 को मृत्यु होने के उपरांत उनकी पत्नी श्रीमती सूर्या कुमारी नायर पत्नी स्व. श्री के.बी. नायर के नाम पर नामान्तरण आदेश क्र. 1021-26 दिनांक 07/02/1992 को नामान्तरित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 26/06/1996 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। आवंटी द्वारा लीज नवीनीकरण दिनांक 29/12/2015 को उप पंजीयक कार्यालय में पंजीकृत करवा ली गई है। श्रीमती सूर्या कुमारी नायर पत्नी स्व. श्री के.बी. नायर द्वारा भवन का दान पत्र दिनांक 01/10/2024 को सुश्री सुरेखा नायर पुत्री स्व. श्री के.बी. नायर के नाम पर पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत कराया गया है। उक्त संपत्ति सुश्री सुरेखा नायर पुत्री स्व. श्री के.बी. नायर के नाम पर हस्तान्तरण हेतु आवेदन, परिचय पत्र, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र, दान पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत किये है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त संपत्ति सुश्री सुरेखा नायर पुत्री स्व. श्री के.बी. नायर के नाम पर हस्तान्तरण हेतु प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है। उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा ।

2727 सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह नि. एवं अघो. वि. म. प्रक्षेत्र-2 भोपाल



कार्यालय सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, प्रक्षेत्र-2, अयोध्या नगर, भोपाल

### आम सूचना

सोनागिरी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल भवन क्रमांक एम.आई.जी. 4 बी-सेक्टर मण्डल द्वारा श्री पी. एन. निमजे आत्मज स्व. श्री नाथूलाल निमजे के नाम पर भाड़ाक्रय खरीद करार के आधार पर आवंटन आदेश क. 8127-32 दिनांक 11/06/1980 को आवंटित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 11/04/1983 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। श्री पी. एन. निमजे आत्मज स्व. श्री नाथूलाल निमजे की दिनांक 24/10/2020 को मृत्यु होने के उपरांत उनके पुत्र / पुत्रीगण 1) श्री शेखर निमजे 2) श्रीमती सरोज बांगर पत्नी श्री शांताराम बांगर 3 ) श्रीमती निर्मला वर्मा पत्नी श्री वेद प्रकाश वर्मा (पुत्र / पुत्रीगण श्री पी. एन. निमजे) के नाम पर नामान्तरण आदेश क. 351 दिनांक 28/09/2024 को नामान्तरित किया गया है। अब उनके द्वारा भवन का विक्रय विलेख दिनांक 08/11/2024 श्री ईशान जायसवाल आत्मज श्री अखिलेश जायसवाल के नाम पर निष्पादित कर भवन को हस्तान्तरित करने हेतु आवेदन, परिचय पत्र, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत किये गये है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त संपत्ति श्री ईशान जायसवाल आत्मज श्री अखिलेश जायसवाल के नाम पर हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है। उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा ।

2728 सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह नि. एवं अघो. वि. म. प्रक्षेत्र-2 भोपाल